Title: Need to ensure clear view of Doordarshan programmes in Sagwara Tehsil in Bharuch parliamentary constituency, Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच) : महोदय, सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भरूच के नर्मदा जिले के तहसील सागवारा में दूरदर्शन के प्रोग्राम का प्रसाण नहीं होने की तरफ दिलाना चाहता हूं। यह क्षेत्र महाराट्र और गुजरात की सीमा पर है। इस क्षेत्र में दूरदर्शन का कोई प्रोग्राम नहीं देखा जा सकता है। इस संबंध में मैं संबंधित मंत्री जी को लिख चुका हूं। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। आधुनिक उपकरण होने के बाद भी इस क्षेत्र में दूरदर्शन का प्रसारण कार्य अभी तक संभव नहीं हो पाया है। सरकार से अनुरोध है कि आधुनिक उपकरणों के माध्यम से इस क्षेत्र में दूरदर्शन के कार्यक्रम का प्रसारण कार्य संभव करवाए।